EDI

Rajasthan Patrika

March 17, 2016
Page No. 2

ईडीआई बनी स्टार्टअप की नोडल संस्था

अहमदाबाद @ पत्रिका
patrika.com/city

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआई) को गुजरात सरकार ने स्टार्टअप, इनोवेशन व उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नोडल संस्था का दर्जा प्रदान किया है।

राज्य सरकार के उद्यम विभाग की ओर से इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी गई है। इससे पहले राज्य स्तर पर इनोवेशन, स्टार्टअप व उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए गठित राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति (एलएलआईसी) ने ईडीआई को नोडल संस्था का दर्जा प्रदान करने को हरी झंडी दे दी थी।

इसके तहत ईडीआई राज्य में स्टार्टअप व उद्यमिता के लिए बेहतर विचार रखने वाले युवाओं को उनके विचार को क्रियान्वित करने में मदद करेगा। संस्थान में इसके लिए आने वाले आवेदनों को अमलीजामा पहनाने के लिए एक समिति बनाई जाएगी।

(कार्यालय संवाददाता)

NB